Title: The Speaker made references to the passing away of Shri Brijendra Pal Singh, Member of the Seventh Lok Sabha; Shri Anand Ratna Maurya, Member of Tenth to Twelfth Lok Sabhas; Shri Siddheshwar Prasad, Member of the Third to Fifth Lok Sabhas; and Smt. J. Jamuna, Member of the Ninth Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अत्यंत दुःख के साथ मुझे सभा को हमारे चार पूर्व-साथियों के निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री ब्रिजेन्द्र पाल सिंह उत्तर प्रदेश के संभल संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र से सातवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री ब्रिजेन्द्र पाल सिंह तीन कार्यकालों के लिए उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के पद पर भी कार्य किया। श्री ब्रिजेन्द्र पाल सिंह जी का निधन 25 नवम्बर, 2022 को 74 वर्ष की आयु में मुरादाबाद में हुआ।

श्री आनंद रत्न मौर्य उत्तर प्रदेश के चन्दौली संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र से दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री मौर्य ने विदेशी मामलों संबंधी समिति और प्राक्कलन समिति सहित विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया।

श्री आनंद रत्न मौर्य जी का निधन 20 जनवरी, 2023 को 67 वर्ष की आयु में गाजियाबाद में हुआ।

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद बिहार के नालंदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तीसरी, चौथी और पांचवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री प्रसाद सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति और नियम समिति के सदस्य रहे। उन्होंने केंद्र सरकार के सिंचाई और विद्युत मंत्रालय तथा औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप मंत्री के रूप में भी कार्य किया। श्री सिद्धेश्वर प्रसाद वर्ष 1995 से 2000 तक त्रिपुरा के राज्यपाल भी रहे ।

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद जी का निधन 94 वर्ष की आयु में 22 जनवरी, 2023 को पटना में हुआ।

श्रीमती जे. जमुना आंध्र प्रदेश के राजामुन्दरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नौवीं लोक सभा की सदस्य थीं। फिल्म अभिनेत्री, श्रीमती जमुना ने अनेक तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में अभिनय किया और थिएटर कलाओं के संवर्धन के लिए कार्य किया।

श्रीमती जे. जमुना जी का निधन 86 वर्ष की आयु में 27 जनवरी, 2023 को हैदराबाद में हुआ। यह सभा हमारे पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है। अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

11.02 hrs

The Members then stood in silence for a short while.